महाकाल नाम का बन गया दिवाना

महाकाल महाराज मेरे,
महाकाल महाराज,
उज्जैन के सरकार मेरे,
महाकाल महाराज...

महाकाल का नाम का मैं,
बन गया दिवाना,
मुझको रिझाऐ चाहे,
सारा ये जमाना,
महाकाल नाम का मैं,
बन गया दिवाना....

दिन रात जपूँ सुबह शाम जपूँ,
मै तो तेरे नाम कि माला,
मेरे मन में है मेरे तन में है,
शिव शंकर डमरू वाला,
महाकाल नाम का मैं बन गया दिवाना,
मुझे रास आए तेरा डमरू बजाना,
महाकाल नाम का मैं बन गया दिवाना....

तन भस्मी रमे, गले नाग सजे ,
शिव पिऐ भंग का प्याला,
सिर गंग बसे और चन्द्र सजे,
शिव नीलकंठ मतवाला,
महाकाल नाम का मैं,
बन गया दिवाना,
छोड़ सारी दुनिया को,
तुझको ही मनाना,
महाकाल नाम का मैं
बन गया दिवाना....

हो जन्म मृत्यु से पार तुम्हीं ,
तुम आत्मतत्व परिभाषा,
इन आँखों को पागल मन को
बस तेरे दरस की आशा,
महाकाल नाम का मैं बन गया दीवाना,
जल्दी ही आना शम्भू मुझको न सताना......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27700/title/mahakal-naam-ka-ban-gya-diwana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |